दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### तलवार लहराते युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** टाऊन भ्रमण के दौरान दिनांक 09/11/19 को मुखबिर सूचना पर थाना कोतवाली के एस.आई. आर.एस. नेताम व हमराह स्टाफ द्वारा जय स्तंभ चौक रामभाठा में जितू ऊर्फ जितेन्द्र टण्डन पिता सुन्दर लाल टण्डन उम्र 25 वर्ष सा0 रामभाटा जय स्तंभ चौक रायगढ को तलवार लेकर घुमते लोगों को डराते हुये पकडे। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### मौसेरे बेटे के हवाले घर छोड़ ईलाज के लिये गये दंपति के घर में चोरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलगामुड़ा रोड उर्दना में रहने वाले बेंजामिन एक्का बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त अधिकारी है। माह जुलाई 2019 में बेंजामिन एक्का सपरिवार अपने मकान को ताला लगाकर कुछ दूर में रहने वाले मौसेरे बेटे को देखरेख करने के लिए बताकर बोकारो अपनी पत्नि का ईलाज कराने गये हुए थे। दिनांक 04/11/2019 को बेंजामिन एक्का को उसके मौसेरे बेट ने घर में चोरी हो जाने की सूचना देने पर आज दिनांक 10/11/2019 को रायगढ़ उर्दना आकर देखे और घर में रखे समानो को चेक किये तो घर से सोने चांदी के जेवर समेत अन्य घरेलू बर्तन व सामान कीमत लगभग 39,900 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 979/19 धारा 454,380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सूने मकान से जेवरात सहित नगदी ले उड़े चोर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम ठेंगापाली पुसौर में रहने वाले दीनबंधु बानी उम्र 50 वर्ष ग्राम बनोरा खैरपाली प्राथमिक शाला में शिक्षाकर्मी वर्ग 03 के रूप में पदस्थ है। इनका लड़का रायगढ़ में किराये मकान लेकर पढाई कर रहा है। दिनांक 31.10.19 को दीनबंधु बानी अपने लडके को रायगढ् छोडने गये थे और दो दिन उसके पास रूके। दिनांक 02.11.19 को सुबह 08 बजे घर पहुंचे तो उनकी पत्नी दिनांक 01.11.19 के रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति अलमारी में रखे नगदी रकम 6000 रू0 तथा एक सोने का हार एवं सोने का कानफुल चैन सहित जुमला कीमती करीब 65,000 रूपये को चोरी कर ले जाने की बात बतायी। चोरी की रिपोर्ट दिनांक 09.11.19 को दीनबंधु बानी द्वारा थाना पुसौर में दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 222/19 धारा 457, 380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बाल दिवस के उपलक्ष्य में चरामेति फाउंडेशन 12 को सरोना बस्ती में वितरित करेगा कपड़े

**रायपुर (आरएनएस)।** इस अवसर पर श्रीमती अल्पा बेन जयंत भाई जोशी के द्वारा बच्चों को मिठाई एवं नमकीन भी वितरित किया जाएगा। चरामेति फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष बाल दिवस के उपलक्ष्य में कम आय वाले परिवारों के बच्चों को अथवा शालेय छात्रों को नये टी शर्ट एवं हाफ पेंट अथवा खिलौने आदि वितरित किये जाते हैं। संस्था के महासचिव राजेंद्र ओझा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष बाल दिवस (14 नवम्बर) के उपलक्ष्य में सरोना बस्ती के 01 से 06 वर्ष तक के करीब 100 बच्चों को विनीत अपेरल, मुम्बई एवं सांताक्लास, मुम्बई से प्राप्त नये टी शर्ट एवं हाफ पेंट वितरित करने का संस्था द्वारा निर्णय लिया गया है।

### महिला ने की खुदकुशी

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के पसान थानांतर्गत ग्राम पंचायत लैंगी के पीपरहापारा निवासी 45 वर्षीय महिला ने शादी होने के बाद लंबे समय तक बच्चे नहीं होने पर जिंदगी से उब कर अपने मकान के म्यार में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीपरहापारा लैंगी निवासी पुन्नीबाई गोंड़ उम्र 45 की शादी 25 वर्ष पूर्व बुद्धू सिंह गोंड़ के साथ हुई थी। शादी के लंबे समय गुजर जाने के बाद उसे कोई संतान पैदा नहीं हुई। जिसके बाद से वह निराश रहने लगी थी। इसी गम में उसने गत रात्रि अपने मकान के म्यार में दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पिपरहापारा निवासी नंदलाल गोड़ उम्र 30 पिता महिपाल गोड़ के द्वारा सूचना दिये जाने पर पसान पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# कार में अवैध कप सिरप व बाईक पर अवैध शराब परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

» कार से ओडिसा लेकर जा रहे दो कार्टून कप सिरप सरिया पुलिस के गिरफ्त में » मोटर सायकल पर महुआ शराब लेकर आ रहे दो युवकों को चक्रधरनगर पुलिस ने पकड़ा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी सरिया जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी एवं हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 09/11/19 के दोहपर मुखबिर सूचना पर ग्राम रिसोडा कंठीपाली रोड साप्ताहिक बाजार के आगे TATA TIGOR कार क्र0 सीजी 04 एमएम 9134 में आरोपीगण 01- अमित महापात्र पिता स्व0 त्रिनाथ महापात्र उम्र 35 वर्ष सा0 सरायपाली जिला महासमुंद 02- आसाराम पटेल पिता



सुदर्शन पटेल उम्र 27 वर्ष सा0 बेलटिकरी थाना सिंघोडा जिला महासमुंद 03- संजय मिश्रा पिता स्व0 जेहरू लाल मिश्रा उम्र 35 वर्ष सा0 बाराडोली थाना सरायपाली को वाहन में अवैध रूप से Rc-Kuff Cough Syrup बिक्री के लिए परिवहन करते पकड़े। वाहन से 02 कार्टून में भरी 218 नग (100-100 एमएल वाली शीशी) कुल 21 लीटर 800रू कीमती 26,160 रूपये एवं एक कार टाटा टिगोर, आरोपियों की 03 नग मोबाईल तथा नगदी रकम 37,900 रूपये जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सरिया में अप.क्र. 168/19 धारा 22(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है। आरोपियों ने कफ सिरफ को उडीसा भुक्ता, प्रकाशपुर में बिक्री करना बताये हैं।

वहीं दूसरे मामले में दिनांक 10.11.19 को थाना चक्रधरनगर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया एवं आरक्षक नंद कुमार पैकरा एवं उत्तम सारथी द्वारा मोटर सायकल क्र. सीजी 13 यूसी 2124 में भेलवाटिकरा से रेगडा जाने वाले मार्ग में उर्दना के (1) सुनील उरांव पिता हरि उरांव उम्र 28 वर्ष (2) सन्नी उर्फ समीर उरांव पिता हरि चंद्र उरांव उम्र 25 वर्ष को रास्तें में पकड़े जिनके पास से बैग में 2-2 लिटर वाली प्लास्टिक की 06 बोतलों में 12 लिटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## खेत में जमे पानी के अंदर मिली युवक की लाश

**कोरबा (आरएनएस)।** अपने खेत में लगी धान की फसल को देखने गए एक कृषक के उस समय होशो- हवाश उड़ गए। जब उसने देखा की उसके खेत में जमे पानी के अंदर एक 20 से 25 वर्ष आयु के मध्य के युवक की लाश औंधे मुहं पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही रजगामार चौकी प्रभारी अपने अधिकारियों के साथ घटना स्थल पहुंचकर मृतक के शिनाख्त के लिए विवेचना शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार बालकोनगर थानांतर्गत रजगामार पुलिस चौकी के ग्राम ढेंगुरडीह एवं बुंदेली के मध्य स्थित सरलीबहरा में स्थित अपने खेत में लगे धान के फसल को कटाई कराने के लिए उसे देखने आज तड़के 6 बजे के लगभग ग्राम ढेंगुरडीह निवासी पुनीराम राठिया उम्र 50 पहुंचा। वहां वह खेत के अंदर अपने धान के फसल को कटाई कराये जाने के लिए निरीक्षण कर रहा था, उसी समय खेत के मेड़ से 10 मीटर अंदर उसने देखा कि खेत में हुए जल जमाव के कारण पानी के अंदर एक 20 से 25 वर्ष आयु के मध्य के युवक की लाश औंधे मुहं पड़ी हुई है। बताया जाता है कि अज्ञात लाश को देखते ही कृषक पुनीराम राठिया के होशो-हवाश उड़ गए। खेत के अंदर फसल देखने के बजाय वह भागे-भागे रजगामार चौकी पहुंचा। जिसके द्वारा सूचना दिये जाने पर रजगामार चौकी पुलिस ने मर्ग क्रमांक 0-19 कायम कर लिया। चौकी प्रभारी कमलेश शिंदे ने तत्काल प्रभारी एसपी उदय किरण, कोरबा सीएसपी राहुल शर्मा को सूचना देकर अपने मातहत प्रधान आरक्षक रामसजीवन वर्मा के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक की लाश की शिनाख्त हेतु विवेचना कार्रवाई शुर कर दी है।

## शहर में नियमित रूप से होना चाहिये साफ-सफाई-कलेक्टर

### » शिकायतों के लिये 1100 टोल फ्री नंबर में काल करें नागरिक

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज नगर निगम के सभाकक्ष में शहर में स्वच्छता के मद्देनजर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष ध्यान दें और प्रतिदिन इसके लिए भ्रमण करें। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि नालियों की साफ-सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए, इसमें किसी भी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डेंगू की रोकथाम के प्रति भी जागरूकता बढ़ायें। उन्होंने प्रभारी उपायुक्त से कहा कि



नियमित रूप से किये जा रहे साफ-सफाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी कार्यपालन अभियंता अपने-अपने कार्यों को सुचारू रूप से करें। उन्होंने कार्यपालन अभियंता द्वारा बिना अनुमति के मुख्यालय छोडने पर गहरी नाराजगी जाहिर की एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि सभी मिल जुलकर आपसी सहयोग के साथ वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि 1100 टोल फ्री नंबर में कॉल कर जनसामान्य अपनी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए फोन कर सकते है। इस टोल फ्री नंबर के जरिये नगर निगम अच्छी सेवाएं नागरिकों को दे सकेंगे, जिसके माध्यम से कचरे की सफाई, पानी सप्लाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य समय पर हो पायेंगे। कलेक्टर ने कहा कि हर वार्ड में एक बार में एक ही कर्मचारी अवकाश पर रहेंगे। सभी के समुचित एचआर प्रबंधन के लिये एक जिम्मेदार व्यक्ति की ड्यूटी लगाने के निर्देश कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को दिये। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को सुचारू रूप से चलाने की जरूरत है। सभी शिकायतों का निराकरण यथाशीघ्र करने के निर्देश अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये। पार्षद शाखा यादव ने अपनी वार्ड से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाहन के खराब हो जाने पर दिक्कतें आ रही है। वहीं पार्षद कमल पटेल ने बताया कि एक ही वार्ड में एक कर्मचारी होने से परेशानी आ रही है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने सभी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और निराकरण के लिये आश्वस्त किया। इस अवसर पर नगर निगम के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## जुआ खेलते 7 आरोपी सारंगढ़ पुलिस की गिरफ्त में

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रात्रि गस्त दौरान सारंगढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 09.11.19 को मुखबिर सूचना पर रात्रि करीब 00:40 बजे ग्राम ग्वालिनडीह उदल वारे के घर के पास 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे जुआड़ियान 1. परमेश्वर निराला पिता गुलाबचंद निराला उम्र 28 वर्ष 2. शनिदास पिता ठेलूदास पनिका उम्र 29 वर्ष 3. गजानंद बरेठ पिता फागूराम बरेठ उम्र 28 वर्ष 4. तिलकराम



पिता कन्हई अनंत उम्र 52 वर्ष साकिनान खुर्सी 5. उदल वारे पिता छिट्टूराम वारे उम्र 55 वर्ष 6. कन्हैया भारती पिता कुंवर लाल भारती उम्र 28 वर्ष साकिनान ग्वालिनडीह 7. सन्तुकी कुर्रे पिता बोधीराम कुर्रे उम्र 24 वर्ष साकिन हिर्री 8. विक्रम सिंह बंजारे पिता उपेन्द्र प्रसाद बंजारे उम्र 34 वर्ष साकिन पिण्डरी को घेराबंदी कर पकड़े। आरोपियों के फड़ एवं पास से जुमला नगदी रकम 6,300 रूपये तथा 52 पत्ती तास जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की जा रही है।

## महिला बंदियों तथा छात्रों के लिये विशेष विधिक सेवा शिविर आयोजित

» राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 9 नवम्बर पर कुल 27 शिविरों का हुआ आयोजन
» जिला जेल के साथ स्कूलों तथा महाविद्यालयों में दी गई विधिक जानकारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ रमाशंकर प्रसाद के निर्देशन में जिला जेल रायगढ़ एवं रायगढ़ जिले के विभिन्न स्कूलों में विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



जिला जेल रायगढ़ में दिग्विजय सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा महिला न्यायिक अधिकारी सुश्री आकांक्षा बेक एवं पेनल अधिवक्ता श्रीमती विमला महंत द्वारा महिला बंदियों को उनके विधिक अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी गयी तथा महिला बंदियों के प्रकरणों में विधिक सहायता के विषय में पूछताछ कर उन्हें विधिक परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महिला बैरकों में आगामी प्रत्येक तीन माह में विधिक सेवा शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर लगाये जाने की जानकारी भी महिला बदियों एवं जेल अधिकारियों को दी गयी। दिग्विजय सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा उप जेल सारंगढ़ में पहुंचकर बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए उनके अपील एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी दी गयी। इसी प्रकार रायगढ़ स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, शास.बाल गंगाधर तिलक उ.मा.वि. सहित हाईस्कूल गढ़उमरिया, औरदा, आदर्श ग्राम्य भारती पुसौर, नवीन शास.महाविद्यालय पुसौर तथा तहसील सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया के पांच-पांच विद्यालयों में जिला न्यायालय तथा तहसील के न्यायाधीशगणों तथा अधिवक्तागणों के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर लगाकर छात्रों को लैगिंक उत्पीडन् अधिनियम, बलात्कार एक अपराध, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, साइबर क्राइम, मोटर दुर्घटना, महिलाओं के कानूनी अधिकार के विषय में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त निःशुल्क कानूनी सहायता एवं सलाह कैसे प्राप्त करें, इसके लिये कौन-कौन व्यक्ति हकदार हैं, विधिक सहायता एवं सलाह किन-किन रूपों में प्राप्त की जा सकती है, किन अदालतों में प्राप्त की जा सकती है इसके लिये आवेदन कैसे करें, विधिक सेवा ऑन लाईन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी बच्चों को दी गई।

# नगरीय क्षेत्रों का सुनियोजित विकास हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री बघेल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता की चौथी कड़ी लोकवाणी को आज नगर निगम कार्यालय, रायगढ़ में कलेक्टर यशवंत कुमार, नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं पार्षद, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों ने तन्मयता पूर्वक सुना। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नगरीय क्षेत्रों का सुनियोजित विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों का सुनियोजित विकास उत्साह से परिपूर्ण एवं खुशनुमा वातावरण में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ तरिया, तालाब, जलाशयों, नदियों-नालों एवं जल प्रपातों का प्रदेश है, लेकिन सही योजना के बिना निर्माण कार्य किये जाने से भूजल स्तर नीचे गिर चुका है। शासन ने नियमों में संशोधन करके प्रत्येक आवासीय वाणिज्यिक और औद्योगिक परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिग को अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह हमारे शरीर में रक्त वाहिकायें होती है उसी तरह शहर की सफाई व्यवस्था नाली पर निर्भर होती है। नाली में कचरा डालने से पानी बहना बंद हो जाता है और गंदे पानी से कई तरह के मच्छर, कीड़े-मकोड़े पनपते है और बीमारियां उत्पन्न होती है। उन्होंने नागरिकों से नालियों में कचरा नहीं डालने की

» लोकवाणी को तन्मयतापूर्वक सुना अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने





अपील की है।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने शहरी क्षेत्रों में नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना लागू करने की बात कही है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में रेन हार्वेस्टिंग के जरिये जल संवर्धन की जो बात कही है वह सराहनीय है। उनकी मंशा अनुसार रायगढ़ में लगभग 90 प्रतिशत उद्योगों में रेन हार्वेस्टिंग कर दिया गया है वहीं सिर्फ 10 प्रतिशत शेष बचे है, उनमें भी रेन हार्वेस्टिंग पूर्ण कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री बघेल ने नालियों एवं शहर की सफाई पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। पार्षद शाखा यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना एवं शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना एक सराहनीय कदम है। वहीं तालाबों के संरक्षण की दिशा में कारगर कदम उठाये जा रहे है। मुख्यमंत्री ने गुमास्ता लाईसेंस की प्रक्रिया का सरलीकरण किया है जो एक प्रशंसनीय कदम है। पार्षद कमल पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी कार्यक्रम में जनहित बातों तथा जमीनी समस्याओं पर जो चर्चा की वह उन्हें अच्छी लगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480